वीर अर्जुन

Copyright 2011 Veer Arjun

# रिलायंस कैपिटल ने एनसीडी से 2,000 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली, (भाषा)। अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल ने निजी नियोजन आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर :एनसीडी: के जरिये 2,000 करोड़ रुपये :30 करोड़ डालर: जुटाए हैं। इस राशि का इस्तेमाल कंपनी अपने रिण व्यवसाय को बढ़ाने और मौजूदा रिण के पुनर्वित के लिये करेगी। बंबई शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि उसके निर्गम का आकार 1,000 करोड़ रुपये था जिस पर 1,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अभिदान को रखने की सीमा थी। इस प्रकार कुल मिलाकर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए गए। कंपनी ने कहा कि उसके निर्गम को पूर्ण अभिदान मिला है और इसे बंबई शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जायेगा। कंपनी के कार्यकारी निदेशक और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम घोष ने एक बयान में कहा कि इस कोष का इस्तेमाल हमारे मौजूदा रिण के पुनर्निधारण और हमारे रिण कारोबार के विस्तार में किया जाएगा। कंपनी ने यह राशि पांच और दस साल के सुरक्षित विमोचनीय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये जुटाई है।